आज दिनांक 15/07/24 दिन सोमवार को वित्त समिति के सभी सदस्यों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

अध्यक्ष – डॉ. सुशील कुमार (प्राचार्य)
सदस्य – डॉ. दीपा अग्रवाल
सदस्य – श्री राकेश कुमार
सदस्य सचिव – श्री विदित कौशल

# आवश्यक सूचना

वित्त समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वित्त समिति की एक आवश्यक बैठक दिनांक 17-08-2024 दिन शनिवार को प्राचार्य कक्ष मे दोपहर 2:00 बजे होनी निश्चित हुई है! अतः आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है!

बैठक में निम्न एजेन्डे पर विचार एवं निर्णय किया जायेगा।

1. सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के वार्षिक शुल्क का निर्धारण।
2. निर्धारित तिथि के उपरांत शुल्क जमा करने की स्थिति में देय विलंब शुल्क की दरो का निर्धारण।
3. सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा शुल्क का निर्धारण।
4. परीक्षा आयोजन, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन एवं परीक्षा संबंधित अन्य कार्यों के लिए मानदेय की दरों का निर्धारण।
5. प्रयोगात्मक (प्रायोगिक) परिक्षाओं के आयोजन हेतु व्यय दरों का निर्धारण।
6. स्वायत्त परीक्षा की गोपनीय प्रक्रिया (प्रश्नपत्र निर्माण, उत्तरपुस्तिका छपाई, पैकिंग, मूल्यांकन आदि) के लिए उपयुक्त एजेंसी का चयन एवं अनुबंध।
7. बाह्य परीक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं आमंत्रित विद्वानों हेतु यात्रा भत्ता, आतिथ्य, मानदेय आदि की दरों का निर्धारण।
8. परीक्षा समिति एवं मूल्यांकन के कार्यों के मानदेय की समीक्षा एवं दरों का निर्धारण।

9. योग, गृह विज्ञान आदि प्रयोगशाला हेतु सी. एस. आर. के तहत विभिन्न संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करने पर विचार !

10- स्वायत्त शुल्क एवं परीक्षा हेतु अलग बैंक खाता खुलवाने पर विचार !

11- आन्तरिक परीक्षा छूट जाने पर रु० 100/- विलम्ब शुल्क देय पर विचार

12. अन्य कोई विषय (अध्यक्ष की अनुमति से) !

सदस्य सचिव
वित्त समिति
चमनलाल स्वायत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लण्ढौरा

अध्यक्ष - [signature]

सदस्य - [signature]

सदस्य - [signature]

सदस्य सचिव - [signature]

# बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 17.08.2024 दिन शनिवार को प्राचार्य / वित्त समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोपहर 2:00 बजे वित्त समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

उपस्थिति : अध्यक्ष [signature]

सदस्य [signature]

सदस्य [signature]

सदस्य सचिव [signature]

प्रस्ताव सं० 1

सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में वार्षिक शुल्क का निर्धारण

निर्णय :- प्रवेश समिति द्वारा वार्षिक शुल्क का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सर्व सम्मति से स्वीकार किया।

प्रस्ताव सं० 2

निर्धारित तिथि के उपरांत शुल्क जमा करने की स्थिति में देय विलंब शुल्क की दरों का निर्धारण।

निर्णय : सर्व सम्मति से विलंब शुल्क रु 200 निर्धारित किया गया।

विशेष परिस्थितियों में प्राचार्य को विलंब शुल्क में छूट का अधिकार प्रदान किया गया।

प्रस्ताव सं० 3

सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा शुल्क का निर्धारण।

निर्णय। परीक्षा शुल्क श्री देव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० 4

परीक्षा आयोजन, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन एवं परीक्षा संबंधित अन्य कार्यों के लिए मानदेय की दरों का निर्धारण।

निर्णय। परीक्षा आयोजन, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन एवं परीक्षा संबंधित अन्य कार्यों के लिए मानदेय की दरें श्री देव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही स्वीकार की गयी। दरें संलग्न हैं।

प्रस्ताव सं० - 5

प्रयोगात्मक (प्रायोगिक) परीक्षाओं के आयोजन हेतु व्यय दरों का निर्धारण।

निर्णय। प्रयोगात्मक (प्रायोगिक) परीक्षाओं के आयोजन हेतु बाह्य परीक्षकों के टी० ए०/डी० ए० के भुगतान के संबंध में राज्य सरकार की दरों को स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० – 6

स्वायत्त परीक्षा की गोपनीय प्रक्रिया (प्रश्नपत्र निर्माण उत्तरपुस्तिका छपाई, पैकिंग, मूल्यांकन आदि) के लिए उपयुक्त एजेंसी का चयन एवं अनुबंध।

निर्णय:
गोपनीय विभाग प्रभारी, डा॰ ऋचा चौहान द्वारा सप्लायर्स से प्राप्त कोटेशन के आधार पर तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत कर न्यूनतम दरों को स्वीकृत करते हुए को नामित किया गया जिसे सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० – 7

बाह्य परीक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं आमंत्रित विद्वानों हेतु यात्रा भत्ता, आतिथ्य, मानदेय आदि की दरों का निर्धारण।

निर्णय:
बाह्य परीक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं आमंत्रित विद्वानों हेतु यात्रा भत्ता, आतिथ्य, मानदेय के सम्बंध में राज्य सरकार की दरों को स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० – 8

परीक्षा समिति एवं मूल्यांकन के कार्यों के मानदेय की समीक्षा एवं दरों का निर्धारण।

निर्णय
परिक्षा प्रभारी, डा० सूर्यकांत शर्मा द्वारा श्री देव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों को प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० – 9

योग, गृह विज्ञान आदि प्रयोगशाला हेतु सी० एस० आर के तहत विभिन्न संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करने पर विचार।

निर्णय।
उक्त कार्य को कृषि विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ० मुकेश शर्मा को नामित किया गया एवं सम्बंधित प्रस्तावो को सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया।

प्रस्ताव सं० – 10

स्वायत्त शुल्क एवं परिक्षा हेतु अलग बैंक खाता खुलवाने पर विचार।

निर्णय।
सभी खातों को खुलवाने हेतु सर्व सम्मति से लेखाकार को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव सं० – 11

आन्तरिक परीक्षा छुट जाने पर पुनः परीक्षा कराने हेतु शुल्क निर्धारित किये जाने पर विचार।

निर्णय:

सर्व सम्मति से विलंब शुल्क रु 100 निर्धारित किया गया विशेष परिस्थितियों में प्राचार्य को विलंब शुल्क में छूट का अधिकार प्रदान किया गया।

प्रस्ताव सं० - 12

अन्य कोई विषय (अध्यक्ष की अनुमति से)

निर्णय:-

कोई नहीं।

अध्यक्ष - [signature]

सदस्य - [signature]

सदस्य - [signature]

सदस्य सचिव - [signature]